है पहचान हमारी इक बाबा नाम तुम्हारा

है पहचान हमारी इक बाबा नाम तुम्हारा,
हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा,

गुण गाये हमने तेरे और तेरा नाम लिया,
पर तूने तो मेरी खातिर कितना खूब किया है,
मान मिला जग वालो से जब आपने स्वीकारा,
हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा,

मैं कहता हु गर्व से बाबा तेरा दिया ही खाता,
मेरी हस्ती न बन पाती अगर न दया दिखता,
सम्बल गया परिवार हमारा पा कर तेरा द्वारा,
हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा,

हम भी कहलाये तेरी प्रेमी बस इतना सा चाहिए,
नजर रहे हम पर तेरी बस ये अरदास लगाये,
निखिल रहे होठो पर बस तेरा ही जैकारा,
हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/11210/title/hai-pehchaan-hamari-ik-baba-naam-tumahara

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |